# रोगी की जिम्मेदारियां

## आपकी निम्नलिखित जिम्मेदारियां हैं:


### दूसरों को जानकारी देना

- अपनी पूरी स्थिति के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी दें।
- स्वास्थ्य कर्मियों को अपने परिवारजनों, सम्पर्कों एवं मित्रों की जानकारी दें।
- परिवार और मित्रों को जानकारी दें और टी.बी. के बारे में अपनी स्थिति से उन्हें अवगत करायें।



### इलाज का सही तरीके से पालन करना

- सुझाये गये इलाज का सही तरीके से पालन करें।
- अगर इलाज में कोई दिक्कत हो तो स्वास्थ्य कर्मियों को उसकी जानकारी दें।




### सामुदायिक स्वास्थ्य में योगदान करना

- अगर दूसरे लोगों में टी.बी. के लक्षण दिखाई दें तो उन्हें जांच कराने के लिए प्रोत्साहित करें।
- देखरेख करने वालों और अन्य रोगियों का ध्यान रखें।
- इलाज पूरा करने में परिवार और पड़ोसियों की मदद करें।



### एकजुटता दर्शाना

- अन्य रोगियों के साथ एकजुटता दिखाएं।
- अपना और अपने समुदाय का सशक्तीकरण करें।
- अपने समुदाय में टी.बी. के विरुद्ध संघर्ष में शामिल हों।



TB-FREE AXSHYA

डॉट्स पूरा कोर्स • पक्का इलाज

रोगियों के घोषणापत्र का यह सचित्र संस्करण अक्षय परियोजना के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है।

WORLD CARE COUNCIL

टी.बी. की देखरेख के लिये रोगियों का घोषणापत्र

©2006-2010 World Care Council

www.worldcarecouncil.org

# टी.बी. की देखरेख पर रोगियों का घोषणा-पत्र (चार्टर)

इस चार्टर में टी.बी. के मरीज़ों के अधिकारों और उनकी जिम्मेदारियों के बारे जानकारी दी गई है। यह चार्टर इस ज्ञान के माध्यम से रोगियों और उनके समुदायों का सशक्तीकरण कराता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), स्टॉप टी.बी. पार्टनरशिप, राष्ट्रीय सरकारों तथा नागरिक समाज के संगठनों द्वारा इसकी पुष्टि की गई है।




अपने अधिकारों को जानें और अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करें

# रोगियों के अधिकार

## आपके निम्नलिखित अधिकार हैं:

### देखरेख

- टी.बी. के लिए मुफ्त और समतापूर्ण देखरेख।
- अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार अच्छी देखरेख (आईएसटीसी)।
- समुदाय देखरेख कार्यक्रमों से लाभ।



## गरिमा

- आदर और गरिमा के साथ व्यवहार।
- परिवार, समुदाय और राष्ट्रीय कार्यक्रमों से सामाजिक सहायता।



## विकल्प


- एक और डॉक्टरी राय लेने और रिकार्डों को देखने का अवसर।
- अगर दवाओं से इलाज हो सके तो ऑपरेशन के लिए मना करना।
- शोध अध्ययनों में भाग लेने से मना करना।




## विश्वास

- गोपनीयता रखने, संस्कृति, धार्मिक विश्वासों के प्रति सम्मान।
- अपनी स्वास्थ्य स्थिति को गोपनीय रखना।
- ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में देखरेख, जहां संक्रमण रोकने की अच्छी सुविधा हो।





## जानकारी


- उपलब्ध टी.बी. देखरेख सेवाओं के बारे में जानकारी।
- हालत और इलाज के बारे में सूचित किया जाना।
- दवा का नाम, खुराक और अनचाहे प्रभावों (साइड इफैक्टस) के बारे में जानना।
- स्थानीय भाषा में अपने चिकित्सा रिकार्डों तक पहुंच।
- हमजोली–सहायता (पीयर सपोर्ट) और स्वैच्छिक परामर्श प्राप्त करना।



## संगठन

- हमजोली सहायता समूहों, क्लबों और गैर सरकारी संस्थाओं में शामिल होना।
- टी.बी. कार्यक्रमों के नीति–निर्माण में भागीदारी।







## न्याय

- देखरेख के बारे में शिकायत दर्ज करना और जवाब पाना।
- उच्चतर अधिकारियों के पास गलत फैसलों को लेकर अपील।
- जवाबदेह स्थानीय एवं राष्ट्रीय रोगी प्रतिनिधियों का चुनाव।

## सुरक्षा

- बीमारी की शुरूआत से लेकर स्वस्थ होने तक नौकरी की सुरक्षा।
- अगर जरूरी हो तो भोजन के लिए कूपन या पूरक आहार।
- अच्छी गुणवत्तापूर्ण दवाओं और जांच सुविधाओं तक पहुंच।

